नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                 दिनांक 19.12.2018

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के राजनीतिशास्त्र विभाग के तत्वाधान में आयोजित शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी विषय को समझने एवं अभिव्यक्त करने के कई माध्यम हैं। जिसमें शोध व्याख्यान प्रतियोगिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभाग के प्रवक्ता डॉ0 कृष्ण कुमार ने कहा कि विषय को लिखित एवं मौखिक रूप में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होता है। किसी शीर्षक को शब्दों एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण से उसकी समझ विद्यार्थियों में उत्पन्न होने लगती है। विभाग के प्रवक्ता डॉ0 यशवंत कुमार राव ने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से सबसे बड़ा लाभ विद्यार्थी में आत्मबल का उत्पन्न होना है। यह आत्मबल उसे कठिनतम चुनौतियों से उबरने में सक्षम बनाता है। आधुनिक तकनीकि जैसे पी0पी0टी का प्रयोग कर अधिक से अधिक व्याख्यान किसी शीर्षक का कैसे दिया जा सकता है। इसका भी प्रशिक्षण भी विद्यार्थी प्राप्त करता है।

इस शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में कुल 69 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें स्नातकोत्तर के 06 बी0ए0 भाग एक के 35, बी0ए0 भाग दो के 20 एवं बी0ए0 भाग तीन के 08 विद्यार्थियों ने अपने विषय से सम्बन्धित विभिन्न शीर्षकों जैसे– जम्मू–कश्मीर एंव धारा 370, पंचायती राज, मूल अधिकार, भारतीय लोकतंत्र मे राजनीतिक दल, विश्व में भारत की साख, भारत में घर्मनिरपेक्षता तथा सुशासन जैसे विभिन्न शीर्षको पर अपना लिखित शोध पत्र और पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में बी0ए0 भाग दो के विशाल कुमार दूबे, प्रथम स्थान, बी0ए0 भाग तीन के राहुल गिरि, बी0ए0 भाग दो की अंबिका सिंह, संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर, बी0ए0 भाग दो के ललिता गुप्ता एवं अंकित कुमार पाण्डेय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

(डॉ0 राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी